## पानी के टैंक में गिरा मजदूर

**हिंडौन सिटी।** समीप गांव कांचरोली में मकान निर्माण के लिए मजदूरी के लिए गए मजदूर को पैसे मांगने पर गाली गलौज कर पानी के टैंक में धक्का देने का मामला सामने आया है। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद साथी मजदूरों ने उसे हिंडौन के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे जयपुर रैफर कर दिया।

घायल रारासायपुर निवासी 45 वर्षीय रामप्रसाद पुत्र बुद्धि जाटव ने बताया कि वह हिण्डौन के चौराहे पर मजदूरी के लिए खड़ा था। जहां किशन नगर निवासी गोविंद गोस्वामी अपने गां० का कांचरौली पानी का टैंक निर्माण के लिए गड्ढा खोदने के लिए 500 रुपए तय कर अपने साथ ले गया। गड्ढा खोदने के बाद जब मजदूरी के पैसे मांगे तो मालिक गोविंद ने गाली गलौज करते हुए मारपीट कर उसे गड्ढे में धक्का दे दिया।

जिसे साथी मजदूर ने बीच-बचाव कर जिला अस्पताल हिंडोन में भर्ती कराया। रीढ़ की हड्डी में चोट लगने के कारण हालत गंभीर होने पर डॉक्टर बृजेश चौधरी ने रैफर कर दिया। मामले की सूचना पीड़ित की तरफ से दी गई है।

# दो गुटों में खूनी संघर्ष, सात लोग घायल

**हिण्डौन सिटी।** सदर थाना क्षेत्र के गांव गद्दीपुरा में डीजे पर अश्लील गाने बजाने की मना करने और उधारी का पैसा मांगने पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। जिसमें 7 लोग घायल हो गए, जिन्हें डॉक्टरों ने भर्ती कर लिया है। घटना की सूचना मिलते ही सदर पुलिस गांव पहुंची और घटना क्रम की जानकारी ली।

सदर थाना अधिकारी बालकृष्ण बताया कि गांव गद्दीपुरा में डीजे पर गंदे गाने बजाने के विरोध में व दूसरे पक्ष द्वारा उधारी के पैसे मांगने के विरोध में दोनों पक्षों में संघर्ष हो गया, जिसमें 7 लोग घायल हो गए। पांच की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर राजपाल और डॉक्टर अजय गुप्ता द्वारा भर्ती कर लिया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही सदर पुलिस गांव पहुंची जहां घटना की जानकारी ली गई। थाना अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम पक्ष के गद्दीपुरा निवासी 15 वर्षीय हैप्पी पुत्र महाराज सिंह, 57 वर्षीय विद्या पत्नी मंगल, 55 वर्षीय अतरबाई पत्नी चरण



हिण्डौन सिटी के सदर थाना क्षेत्र के गांव गददीपुरा में दो पक्षों मे मारपीट होने से सात लोग घायल हो गये।

और दूसरे पक्ष की 60 वर्षीय अंगूरी पत्नी भजनलाल, 30 वर्षीय दीपा पुत्री अनीतेश, 14 वर्षीय ताशु पुत्री राजपाल, 40 वर्षीय राजपाल पुत्र दामोदर घायल

- **डीजे पर अश्लील गाने बजाने का किया विरोध तो दूसरे पक्ष ने मांग लिए उधार दिए पैसे, जमकर हुई मारपीट**

हुए है। वहीं एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर डीजे पर अश्लील और गंदे गाने बजाने की मना करने के विरोध में विवाद का कारण बताया है, वहीं दूसरे पक्ष ने पहले पक्ष की ओर से 15 हजार रुपए उधारी का पैसा देने से मना करना विवाद का कारण बताया है।

इस मामले में सदर थाना अधिकारी बालकृष्ण ने बताया कि दोनों पक्षों के घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है। दोनों पक्षों की तरफ से कोई तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। तहरीर प्राप्त होते ही पर्चा बयान के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की जाएगी।

## धीरेन्द्र मीना एबीवीपी से प्रत्याशी

**महुआ ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा राजकीय महाविद्यालय महुआ के छात्र संघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रत्याशी के रूप में एबीपी सदस्य धीरेंद्र मीणा को सर्व सहमति से अध्यक्ष पद के लिए प्रत्याशी घोषित किया

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत कार्यकारी सदस्य दीपक शर्मा लोकेंद्र राजपूत नगर उपाध्यक्ष व पुर्व कॉलेज प्रभारी छात्र नेता गणेश समलेटी ने अध्यक्ष पद पर सर्व सहमति से धीरेंद्र मीणा को अध्यक्ष पद के लिए घोषणा की ।

इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रत्याशी धीरेन्द्र मीना ने कहा की मेरे द्वारा छात्र हित में किए जा रहे हैं कार्यों को देख कर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद व छात्रों ने मेरे ऊपर भरोसा जताया है मैं छात्र हित में हमेशा काम करते हुए छात्रों की भावना अनुसार पुरा कार्य करूँगा और छात्र हितों के लिये हमेशा लड़ाई लड़ूँगा । इस मौक़े पर भाजपा एस टी मोर्चा से धर्मवीर मीना संजय योगी छात्र नेता गणेश सैनी ध्रुव सिंह अभिषेक शर्मा राहुल शर्मा राहुल मीना सहित सैकड़ों छात्र मौजूद रहे ।

## सार-समाचार

### घर-घर में मनाई जन्माष्टमी



**सवाई माधोपुर ।** शुक्रवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व श्रद्धा व पूरे उल्लास उमंग के साथ मनाया गया। ऐसे में गुरुवार को सभी मंदिरों व घरों बड़ी धूम रही। जन्माष्टमी पर जिले के मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं की झांकियां सजाई गई। भारी तादाद में लोग मंदिरों में दर्शन करते हैं और झांकियों को निहारते नजर आए। मंदिरों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया और पूरा शहर "नंद के घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की " से गुंजयामान रहा। इस पावन पर्व पर घरों में नन्हें बालकों को श्री कृष्ण और राधा की झांकी का रूप दिया गया।

### मेला 24 अगस्त को

**करौली** (नि.स.) । करौली के निकट नंदे भूमिया बाबा का वार्षिक मेला इस बार 24 अगस्त को भरेगा जिसकी तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। ग्राम पंचायत तुलसीपुरा की सरपंच रूपन्ती गुर्जर ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर श्री देवनारायण मंदिर टोका नंदे भूमिया के प्रांगण में 5 गांव टोका के मेला समिति कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई

### सहायता स्वीकृत

**करौली** (नि.स.) जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि राजू सैन पुत्र शिब्बू सैन निवासी दांतरा पाडा वार्ड नम्बर 47 हिण्डौन की गत 5 मार्च को सडक दुर्घटना में मृत्यू हो जाने पर एवं तहसीलदार हिण्डौन की रिपोर्ट के आधार पर परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक लाख रूपये की आर्थिक सहायता मृतक की पुत्री सुश्री खुशी सैन को स्वीकृत किये है।

## धरने में भाग लेने का आव्हान

**वैर ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहीद स्मारक जयपुर पर 20 अगस्त को किए जा रहेधरना प्रदर्शन में सम्मिलित होने के लिए पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का आव्हान किया है ।

भाजपा के प्रदेश मंत्री महेंद्र सिंह जाटव व ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष पवन धाकड ने पदाधिकारी एवं कार्य कार्यकर्ताओं को 20 अगस्त को 10:00 बजे जयपुर पहुंच कर शहीद स्मारक पर किए जा रहे धरना धरना प्रदर्शन में भाग लेने की अपील की है । धाकड ने बताया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की बिगड़ती हुई स्थिति को लेकर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सतीश पूनिया के नेतृत्व में यहधरना प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है । धरना प्रदर्शन स्थल शहीद स्मारक से मुख्यमंत्री आवास तक पैदल मार्च का भी कार्यक्रम रखा गया है । प्रदेश मंत्री महेंद्र सिंह ने बताया कि भा जा पा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक जयपुर पहुंचने के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ शैलेश जिला, प्रभारी बनवारी लाल सिंघल, सह जिला प्रभारी गोवर्धन सिंह जादौन ने भी आवाहन किया है ।

## प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर बैठक संपन्न

**करौली** (नि.स.) । माली समाज के मंडरायल रोड स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले विकास संस्थान परिसर में संस्थान की बैठक अध्यक्ष प्रेम सिंह माली की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें पूर्व सभापति बद्री माली सहित समाज के प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी देवउठनी एकादशी पर करने को लेकर विचार विमर्श किया गया एवं सत्र 2022 का प्रतिभा सम्मान समारोह और महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा अनावर सितंबर माह में कराने को लेकर विशेष चर्चा की गई।

जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह मैं सम्मानित होने वाले विद्यार्थी अपने अपने क्षेत्र में नजदीकी सैनी समाज की शिक्षण संस्था में अपनी अंक तालिका, एक फोटो मय पते के जमा करा सकते हैं प्रतिभाओं में कक्षा 10 के विद्यार्थी 80 प्रतिशत, कक्षा 12 के विद्यार्थी 75 प्रतिशत,ग्रेजुएट ,पोस्ट ग्रेजुएट डिग्री धारी 60 प्रतिशत से अधिक अंक वाले अपनी अंक तालिका करा सकेंगे। वही राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ी भी खेल प्रमाण पत्र जमा करा सकेंगे।बैठक के दौरान महात्मा फुले की मूर्ति अनावरण के लिए एक समिति का गठन किया गया जो मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से जयपुर में जाकर करौली पधारने के लिए अनुरोध करेगी , प्रतिभा सम्मान समारोह और मूर्ति अनावरण एक ही दिवस में होगा । सामूहिक विवाह सम्मेलन में विवाह करने वाले और स्वेच्छा से काम करने वाले लोग संस्थान के कार्यालय मैं अपना नाम दर्ज करवा सकते हैं।

इस अवसर पर सैनी अधिकारी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष तुलसी राम सैनी,संस्थान के पूर्व अध्यक्ष रामगोपाल माली,कस्बा अध्यक्ष नेमीचंद कुशवाह, कस्बा के पूर्व अध्यक्ष रमेश चंद्र माली,संस्थान सचिव रामगोपाल माली,कोषाध्यक्ष कल्याण माली,इंदर थानेदार, डगासरा के पूर्व अध्यक्ष रामजीलालसहित संस्थान के एवं सभी संगठनों के सदस्य व अधिकारीयो ने पौधारोपण किया।

## चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**करौली** (नि.स.) । कोतवाली थाना पुलिस ने कार्यवाही करते हुए लोहे का एंगल एवं चार बंडल लोहे की चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली थाना अधिकारी दिनेश चंद्र मीणा ने बताया कि थाने के हैड कांस्टेबल भल्लू सिंह पुलिस जाब्ते के साथ गश्त पर थे ।

इस दौरान मुखबिर की सूचना पर बरखेड़ा नदी पुल के पास से रवि पुत्र धन सिंह माली 20 निवासी गदका की चौकी करौली एवं दीपक पुत्र अमर सिंह माली निवासी केशवपुरा थाना कोतवाली करौली को गिरफ्तार किया गया है जिन से एक दर्ज मुकदमे में चोरी गए लोहे का एंगल एवं चार बंडल लोहे की जाली को बरामद कर गिरफ्तार किया गया।

गौरतलब है कि गत 17 अगस्त को मदन मोहन निवासी राम विलास पैलेस के पास की दाल मिल के ऊपर बने गोदाम से लोहे का एंगल एवं चार बंडल लोहे की जाली चोरी चली गई जिस पर पुलिस द्वारा 1 दिन के अंदर ही चोरों की तलाश कर चोरी गए माल को बरामद कर गिरफ्तार कर लिया गया है।

# भरतपुर में दो दिवसीय श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया

**भरतपुर** (निस)। शहर के मध्य लक्ष्मन मंदिर निकट मंदिर राधारमण महाराज मंदिर में दो दिवसीय उत्सव के अंतर्गत आज श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर भगवान श्री कृष्ण का प्राकट्योत्सव मंदिर परिसर में धूमधाम से मनाया गया।

मंत्री मोहन मित्तल ने बताया कि प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक भजन संकीर्तन कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किये गये, दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर श्रीविग्रह का अभिषेक पं. प्रेमी शर्मा एवं प. वीरेन्द्र शर्मा द्वारा विधिविधान से मंत्रोच्चार के साथ कराया गया। कार्यक्रम संयोजक विष्णु लोहिया ने बताया कि अभिषेक 151 कि. दही, दूध, शहद, बूरा, घी, केशर, सरबोसकी, दिव्य औषधि एवं वनस्पतियों से अभिषेक व महाआरती देवस्थान विभाग के सहायक आयुक्त के.के. खंडेलवाल एवं भरतपुर जिला व्यापार महासंघ अध्यक्ष संजीव गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में हुआ। भगवान को मोती जडित नई पोषाक धारण कराकर



भरतपुर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया।

श्रृंगार किया गया एवं आरती हुई।

अपने आराध्य की झलक पाने के लिए बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे, भक्तों को पंचामृत प्रसादी वितरित की गई। शहर में भक्तों की आस्था का सिर्फ एक यही मंदिर है जहां दोपहर 12 बजे अभिषेक होता है पंचामृत ग्रहण करके ही व्रत वाले फलाहारी व शिकंजी लेते हैं। कार्यक्रम में जिला अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष अनुराग गर्ग, मंदिर कमेटी अध्यक्ष रामनाथ बजाज, उपाध्यक्ष एडवोकेट चन्द्रमोहन गुप्ता, महेश सर्राफ, प्रहलाद लोहिया, डॉ. डी.डी.गोयल, अर्जुन बंसल, मुकेश अग्रवाल, गोविन्द अग्रवाल मैदा वाले, विनोद सिंघल, महेश सिंघल, परषोत्तम अग्रवाल, सोरभ मित्तल, उम्प्रश अग्रवाल, प्रहलाद गोयनका आदि मौजूद थे।

## छात्र को पीटने का विरोध जारी

**भरतपुर** (निस)। जोधपुर के सुराणा गांव में शिक्षक की मारपीट के चलते 9 वर्षीय बालक इन्द्र सिंह की मौत को लेकर पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन का दौर जारी है। सभी जगह इस मामले में कड़ी कार्यवाही की मांग की जा रही है। शुक्रवार को भरतपुर में भीम आर्मी के द्वारा हीरादास से जिला कलेक्ट्रेट तक रैली निकाल अपना विरोध प्रदर्शन किया। जहां जिला कलेक्ट्रेट पर एसडीएम देवेन्द्र परमार को ज्ञापन सौंप कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। इस प्रदर्षन के दौरान प्रदर्षन कर रहे लोगों के द्वारा मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ साथ पीडब्ल्यूडी मंत्री भजन लाल जाटव, ममता भूपेश, अमर सिंह, टीकाराम जूली सहित कई विधायकों के खिलाफ जमकर नारे बाजी की गई। उनका कहना था कि आरोपी छैल सिंह के द्वारा विद्यालय में मटकी से पानी से नाराज होकर पीटा गया जिससे उसकी मौत हो गई।

यह घटना बेहद षर्मनाक है। इस मामले में प्रदेष सरकार को जल्द से जल्द आरोपी के खिलाफ कडी कार्यवाही करनी चाहिए। वहीं पीडित परिवार को 50 लाख रूपये की आर्थिक सहायता देनी चाहिए ।

# हार्डकोर अपराधी गिरफ्तार



गंगापुर सिटी में हार्डकोर अपराधी छोटू उर्फ हरकेश को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया।

**गंगापुर सिटी,** (नि.सं.)। जिला पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार विश्नोई के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुरेश कुमार खीचीं एवं उपाधीक्षक मुनेश मीना के सुपर वीजन में वजीरपुर थानाधिकारी योगेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में दौराने गश्त मुखबिर की सूचना पर सेवा गांव से आगे डफलपुर रोड पर थाना वजीरपुर के हार्डकोर अपराधी छोटू उर्फ हरकेश पुत्र मिश्रा जाति मीना निवासी सेवा थाना वजीरपुर को अवैध हथियार के साथ घूमते हुए गिरफ्तार किया उक्त अपराधी पुलिस की गाडी को देखते हुए भागने लगा जिस पर पुलिस ने घेरा डालकर आरोपी को पकडा और उससे अवैध देशी कट्टा 315 बोर को बरामद किया। उक्त आरोपी उदेई मोड थाने के एक मुकदमे वांछित चल रहा है एवं थाना कुडगांव, रैणी, टोडाभीम से स्थाई वारण्टो में फरार चल रहा है।

## मंत्री ने बिहारी जी की उतारी आरती

**भरतपुर,** (निस)। जन्माष्टमी के पर्व पर भरतपुर के आराध्य देव बिहारी जी के मंदिर में पहुंचकर पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह एवं तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर आरती उतारी और जिलेवासियों को इस पर्व की शुभकामनाऐं देते हुये कहा कि यह पर्व सभी को खुशहाली लेकर आये। पर्यटन मंत्री विश्वेन्द्र सिंह शुक्रवार को प्रात: तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग के रणजीत नगर स्थित कार्यालय पर पहुँचे जहाँ दोनों ने भरतपुर के विकास के संबंध में चर्चा की। बाद में दोनों मंत्री किला स्थित बिहारी जी मंदिर पहुँचे जहाँ उन्होंने विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। स्वयं पर्यटन मंत्री ने बिहारी जी महाराज की आरती उतारी और प्रसाद ग्रहण किया और बाद में दोनों मंत्रियों का महन्त रामभरोसी ने दुपट्टा व माला पहनाकर स्वागत किया। दोनों मंत्रियों ने इस अवसर पर जिले व राज्य के लोगों की खुशहाली की कामना भी की।

# ब्राह्मण प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारियां

**गंगापुर सिटी ।** चाणक्य परिवार ब्राह्मण समाज गंगापुर सिटी के तत्वावधान में 16 वाँ जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह 11 सितंबर रविवार को स्थानीय विजय पैलेस में आयोजित होगा।

चाणक्य परिवार के समन्वयक हेमन्त कुमार शर्मा ने बताया कि उक्त आयोजन में 1 सितंबर 2०21 से 31 अगस्त 2०22 तक उपलब्धि प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। जिसमें कक्षा 1० एवं 12 में न्यूनतम 8० प्रतिशत अंक, स्नातक और स्नातकोत्तर में न्यूनतम 6०प्रतिशत अंक, एसटीसी बीएड, बीपीएड में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक, नीट और आईआईटी में चयनित,आई आई एम,क्लेट चयनित, आर ए एस, आईएएस में चयनित, बैंक पीओ में चयनित, सीधी भर्ती द्वारा राज्य कर्मचारी के रूप में चयन,स्लेट, कैट, नेट आर्मेट चयनित, एमबीए और एमसीए में न्यूनतम 75 प्रतिशत अंक, स्पोर्ट्स में राज्य स्तर पर विजेता उपविजेता और नेशनल संभागी, एनसीसी सी सर्टिफिकेट धारक, एनडीए में चयनित, स्काउट गाइड राज्यपाल पुरस्कार, राष्ट पति स्काउट, गाइड राष्ट पति जंबूरी संभागी, उपखंड, जिला, मंडल अथवा राज्य स्तर पर प्रशासन द्वारा सम्मानित, 1 सितंबर 2०21 से 31 अगस्त 2०22 तक की अवधि में राजकीय सेवानिवृत्त कर्मचारी प्रतिभा सम्मान समारोह में अपनी प्रविष्टि जमा करा सकेंगे। जमा कराने की अंतिम तिथि 4 सितंबर रविवार साँय 5 तक रहेगी। गंगापुर से बाहर की प्रतिमाएं अपनी प्रविष्ठियां 8385० ०528० पर व्हाट्सएप कर सकेंगे। प्रविष्टि के ऊपर अपना मोबाइल नंबर भी लिखना आवश्यक है। प्रविष्टि के रूप में अपनी अंकतालिका की फोटो प्रति अथवा अपनी उपलब्धि के प्रमाण पत्र की फोटो प्रति जमा करानी है। गंगापुर शहर की प्रतिभाएं अपनी प्रविष्ठियां निम्न स्थानों पर जमा करा सकेंगे। कुहू इंटरनेशनल स्कूल नसिया कॉलोनी गंगापुर सिटी, डी एस पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नसियां कॉलोनी गंगापुर सिटी, खादी भंडार हीरालाल की मिल के सामने, भगवती कन्या महाविद्यालय गणेश मिल गंगापुर सिटी, केशव विद्या मंदिर, सैनिक नगर गंगापुर सिटी, शर्मा चिकित्सालय अमर गढयि भवन सालोदा रोड गंगापुर सिटी व ब्राह्मण समाज धर्मशाला महू कला गंगापुर सिटी में जमा करा सकेंगे। आयोजन की तैयारी बैठक 21 अगस्त शाम 5 बजे विजयलक्ष्मी ऑडिटोरियम नसिया कॉलोनी गंगापुर सिटी में होगी।

## एसडीओ को सौपा ज्ञापन

**गंगापुर सिटी,** (निस)। वरिष्ठ सहायक कलेक्ट्रेट के साथ मारपीट के मामले में आरोपी पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की मांग की है। वहीं उन्होंने मांग पूरी नहीं होने पर 22 अगस्त से कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है। मामले को लेकर राजस्थान मंत्रालयिक कर्मचारी संघ वजीरपुर के कर्मचारियों ने एसडीएम जवाहर लाल जैन को जिला कलेक्टर के नाम का ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों का आरोप है कि 15 अगस्त की रात करीब 11 बजे देवप्रिय गौतम ने कुछ लोगों द्वारा जानलेवा हमला करने की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी।

जिस पर पुलिस थाना मानटाउन से पुलिसकर्मी उसके घर पहुंचे और पूछताछ के बहाने उसे पुलिस थाना मानटाउन ले गए। थाने पर उसे सीआरपीसी की धारा 151 के तहत बंद करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की। कर्मचारियों ने बताया कि देवप्रिय गौतम एक राज्य कर्मचारी है और कलेक्टर के निजी स्टाफ में तैनात है। उनके साथ पुलिसकर्मियों ने बिना किसी वजह के मारपीट की और उसे प्रताडित किया। इस घटना के बाद से सभी राजस्व कर्मियों में आक्रोश है। राजस्थान राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी संघ ने घटना की निंदा कर गौतम के साथ मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों को तुरंत निलंबित करने और एसएचओ थाना मानटाउन को अपने पद से हटाने की मांग की है।

## कृष्ण दरबार सजाया

**गंगापुर सिटी,** (निस)। खंडेलवाल धर्मशाला में खंडेलवाल वैश्य महिला मंडल के द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी एवं लहरिया महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम संत सुंदरदास जी महाराज की प्रतिमा पर महिला मंडल अध्यक्ष अंजना रावत और मंत्री बबीता डांस के द्वारा दीप प्रज्वलित और माला पहनाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद अध्यक्ष और अन्य पदाधिकारियों के द्वारा कृष्ण भगवान की पूजा अर्चना की गई। कविता गुप्ता के द्वारा गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस महोत्सव में कृष्ण राधा झांकी लहरिया डांस, प्रश्नोत्तरी, गेम्स इत्यादि कार्यक्रम रखे गए। सिंगल ड्रांस सोनिया खंडेलवाल, रेखा मोदी, सारिका माचीवाल, युगल ड्रांस ममता डांस और मंजू पीतलिया अनीता पिपलिया और आकांक्षा गुप्ता ने, ग्रुप डांस अंशु डांस एंड ग्रुप बहुत सी महिलाओं ने शानदार ड्रांस प्रस्तुतियां दी। इसमें लकी कॉन्टेस्ट में यशोदा मैया में राजबाला रावत और देवकी मैया में कविता खंडेलवाल, ग्वाल बाल में कृष्णा राधिका, लकी वूमेन में संजना डंगायच विजेता रहे।

## ओपन जिम का सभापति ने किया शुभारम्भ

**गंगापुर सिटी,**(निस)। नसिया कॉलोनी स्थित भगत सिंह पार्क के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारम्भ सभापति शिवरतन अग्रवाल ने किया।

नसिया कॉलोनी स्थित शहीद भगत सिंह पार्क में नगरपरिषद गंगापुर सिटी, भारत विकास परिषद शाखा सुभाष के द्वारा पार्क विकास समिति के सदस्यों के आग्रह पर पार्क में बडी हाई मास्क लाइट और ओपन जिम जैसी आधुनिक सुविधाओं को उपलब्ध कराया गया जिनका विधिवत उद्घाटन गुरुवार साँयकाल 7.3० बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरपरिषद सभापति शिवरतन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथि भाविप शाखा सुभाष के अध्यक्ष आदित्य भारद्वाज, कुहू स्कूल के निदेशक व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष हेमंत शर्मा, निजी शिक्षण संस्थान के जिलाध्यक्ष डॉ.अनुज शर्मा, पार्षद रामबाबू शर्मा ने किया। कार्यक्रम का स्थानीय समिति के सदस्यों, कॉलोनीवासियों द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का माला एवं साफा पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभापति शिवरतन अग्रवाल ने स्थानीय पार्क को अधिक सौंदर्य युक्त एवं सुविधा युक्त बनाने में सभी भारत विकास परिषद सदस्यों, शहीद भगतसिंह पार्क समिति के सदस्यों व कॉलोनीवासियों से अत्यधिक सकारात्मक रूप से शारीरिक व आर्थिक रूप से सहयोग का आव्हान किया। इसके साथ-साथ उन्होंने अपनी ओर से पार्क में विकसित की जाने वाली सुविधाओं के लिए नगरपरिषद गंगापुर सिटी व व्यक्तिगत रूप से अपनी ओर से हर संभव सहयोग करने का सकारात्मक आश्वासन दिया। इस दौरान भारत विकास परिषद शाखा सुभाष के अध्यक्ष आदित्य भारद्वाज द्वारा शाखा के सभी सदस्यों, समिति सदस्यों, समस्त कॉलोनीवासियों के सहयोग से अतिशीघ्र कई नवीनतम सुविधाओं को भी पार्क में विकसित करने का सकारात्मक आश्वासन दिया गया।

# अस्पताल में चिकित्सकों के पद खाली, मरीज भटके

**मण्डरायल** (नि.स.) । उपखंड मुख्यालय स्थित राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाए गए चिकित्सकों की लापरवाही एवं चिकित्सा विभाग की अनदेखी का खामियाजा यहां उपचार कराने के लिए आने वाले मरीजों को भुगतना पड़ रहा है।

स्थानीय चिकित्सालय में चिकित्सकों के रिक्त पदों के चलते चरमराई चिकित्सा व्यवस्था के कारण अधिकांश मरीजों को उपचार के लिए करौली सहित अन्य स्थानों पर जाने के लिए मजबूर होना पड रहा है तो कई मरीजों को नीम हकीमो की शरण लेनी पड़ रही है। मंडरायल के राजकीय चिकित्सालय में 2 चिकित्सक डॉ. राकेश जाटव, डा. सुनेयना राजावत कार्यरत थे । 2 माह पूर्व डॉ सुनेयना राजावत को प्रशासनिक कारणों के चलते एपीओ कर दिया था उसके बाद कार्य व्यवस्था हेतु रोधई सीएचसी से वंदना चौधरी पर राजकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ0 राजेंद्र चौधरी को मंडरायल चिकित्सालय में लगा दिया गया । इसके बाद गत माह (यूटीवी) अर्जेंट टेंपरेरी बेस पर एक चिकित्सक डॉ0 तारिक को स्थानीय चिकित्सालय में लगा दिया गया लेकिन स्थानीय चिकित्सालय में कार्यरत चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डॉ0 राकेश जाटव



मंडरायल अस्पताल में चिकित्सको की अनुपस्थिति में रोगियों की भीड़ उमड़ी।

को ग्रामीणों की शिकायत पर जांच के चलते मंडरायल स्वास्थ्य केंद्र से हटाकर करौली सीएमएचओ द्वारा आदेश जारी कर मासलपुर स्वास्थ्य केंद्र पर लगा दिया गया । ऐसी स्थिति में व्यवस्था बतौर लगाई गई रोधई प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की डॉ0 वंदना चौधरी को 17 अगस्त को सीएमएचओ द्वारा आदेश जारी कर मंडरायल सीएससी के चिकित्सा प्रभारी अधिकारी का कार्यभार दे दिया गया ।

शुक्रवार को कोई भी चिकित्सक चिकित्सालय नहीं पहुंचा जिससे उपचार के लिए आए मरीज इधर-उधर भटकते रहे । इस दौरान मेल नर्स प्रथम महेंद्र शर्मा ने उपचार व्यवस्था संभाली चिकित्सालय में शुक्रवार को प्रात: 9से 11बजे तक करीब 250 मरीजों की भीड़ एकत्रित हो गई । चिकित्सक कक्ष के सामने मरीजों की भीड उमड पडी है। मरीजों में आपस में धक्का-मुक्की एवं हंगामा की स्थिति बनती देख पुलिस बुलानी पडी। पुलिस कर्मियों ने मरीजों को कतारों में व्यवस्थित रूप से खड़ा किया तब जाकर स्थिति संभली। स्थानीय चिकित्सालय में उपचार कराने आए बृजभूषण शर्मा ने बताया कि चिकित्सालय में चिकित्सकों के 7 पद स्वीकृत हैं लेकिन चिकित्सकों के रिक्त पदों के चलते चिकित्सा व्यवस्था चरमरा गई है।

## श्रद्धा सुमन अर्पित

**महुआ।** गुर्जर नेता कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की अस्थि कलश विसर्जन यात्रा के महुआ पहुँचने पर पूर्व मंत्री गोलमा देवी सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने बैंसला को पुष्प अर्पित किए ।

पश्चिम मध्य रेल

No.-C78/1/117/Vol.V Dated: 17.08.2022

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कोटा मंडल पश्चिम मध्य रेलवे ने पार्सल स्पेस की लीज के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग की IREPS वेबसाइट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है। विवरण निम्न प्रकार से है:

1. केटलॉग सं.: Lease-KTT- 6-22, अनुबंध का प्रकार: Leasing of SLR compartment, लॉट सं.: 22981-SLR-F1-KOTA-SGNR-22-1, 05838-SLR-R1-KOTA-JLWC-22-1, 05838-SLR-F1-KOTA-JLWC-22-3, 05840-SLR-F1-KOTA-JLWC-22-3, 19722-SLR-F2-BXN-JP-22-1, 05913-SLR-F1-KOTA-JAB-22-1, 19722-SLR-F1-BXN-JP-22-3, 05840-SLR-R1-KOTA-JLWC-22-1, 22983-SLR-F1-KOTA-INDB-22-1, 19820-SLR-F2-KOTA-BRC-22-1, 22983-SLR-R1-KOTA-INDB-22-1, 13238-SLR-F1-KOTA-PNBE-22-3, 22997-SLR-F1-JLWC-SGNR-22-1, 22983-SLR-F2-KOTA-INDB-22-1, 19813-SLR-F1-KOTA-HSR-22-3, 19813-SLR-F2-KOTA-HSR-22-1, 19807-SLR-F1-KOTA-HSR-22-3, 19820-SLR-F1-KOTA-BRC-22-3, 05840-SLR-F2-KOTA-JLWC-22-1, 05833-SLR-R1-KOTA-MDS-22-1, 19813-SLR-R1-KOTA-HSR-22-1, 19807-SLR-F2-KOTA-HSR-22-1, 12059-SLR-F1-KOTA-NZM-22-2, 05833-SLR-F1-KOTA-MDS-22-3, 05833-SLR-F2-KOTA-MDS-22-1, 19811-SLR-F1-KOTA-ETW-22-3, 19820-SLR-R1-KOTA-BRC-22-1, 05913-SLR-F2-KOTA-JAB-22-1, 05838-SLR-F2-KOTA-JLWC-22-1, 19722-SLR-R1-BXN-JP-22-1, 19807-SLR-R1-KOTA-HSR-22-1, 05913-SLR-R1-KOTA-JAB-22-1, 12401-SLR-F1-KOTA-DDN-22-2, अनुबंध की अवधि : 2 वर्ष, ई-नीलामी की तिथि एवं समय: सभी लॉट के लिए ई-नीलामी 02.09.2022 को 11:00 बजे शुरू होगी। प्रारंम्भिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मोड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा

कोरोना को भगाना है, मास्क एवं वैक्सीन लगाना है।

## लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात की

**गंगापुर सिटी**। भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष नागेश राज लोढी ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से कोटा स्थित निवास पर मुलाकात कर स्थानीय जन समस्याओं के बारे चर्चा की। जिलाध्यक्ष लोढी ने मुख्य रुप से रेलवे की बेकार पडी जमीन को रेल प्रशासन जनहित में उपयोग करे जिससे गंगापुर के नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा सके।

गंगापुर सिटी में रेलवे और आमजन के बीच कुछ जमीनों को लेकर विवाद की स्थिति है उसके समाधान के लिए भी रेल मंत्री से चर्चा करने की गुहार लगाई।

लोढी ने लोकसभा अध्यक्ष से गंगापुर शहर सबसे महत्वपूर्ण मांग महुकला अण्डरपास निर्माण का मुद्दा उठाते हुए अण्डरपास निर्माण का काम जल्दी चालू करवाने की स्वीकृति दिलाने की मांग की जिससे आमजन को राहत मिल सके। शहर में एलएनटी और अमृत योजना के कार्य मे अधिकारी और ठेकेदारों के द्वारा लापरवाही बरतने की शिकायत भी सभी कार्यकर्ताओ ने लोकसभा अध्यक्ष से की। लोकसभा अध्यक्ष ने गंभीरता दिखाते हुए उच्चाधिकारियों को तुरंत समस्या समाधान के निर्देश प्रदान किये।

# चौधरी परिवार ने करौली के श्री मदन मोहन जी महाराज के दरबार में पोषाक चढ़ाई

**करौली,** (नि.स.)। जन-जन के आराध्य देव करौली के श्री मदन मोहन जी महाराज के दरबार में यूं तो वर्ष भर श्रद्धालुओं द्वारा छप्पन भोग लगवाने से 1 दिन पूर्व पोशाक अर्पण की जाती है, किंतु श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर करौली के अग्रवंशी गोयल गोत्रीय चौधरी खानदान को ही श्री राधा मदन मोहन जी महाराज के दरबार में पोशाक अर्पण करने के साथ जन्मदिन की बधाई भेजने का परम सौभाग्य प्राप्त होता है। आज भी चौधरी खानदान के वंशजों के द्वारा 183 वर्षों से निरंतर रियासत कालीन गौरवशाली परंपरा का निर्वहन पूरी श्रद्धा के साथ किया जा रहा है।

चौधरी परिवार से जुडे राजेन्द्र दीवान ने बताया की श्री राधा मदन मोहन जी के परम भक्त चौधरी श्री किशन रामचंद्र जो कि आज से 183 साल पूर्व मंडरायल के किलेदार के ओहदे पर कायम थे। ने नोनेट गुड़े के हार में अपनी बेशकीमती कृषि भूमि पर एक पक्का कुआं निर्मित करवा कर अपने आराध्य



श्री मदन मोहन जी महाराज को चौधरी परिवार की ओर से पोषाक भेंट की।

ठाकुर श्री मदन मोहन जी महाराज को भेंट कर दिया था जिस के उपलक्ष्य में मंदिर मदन मोहन जी के तत्कालीन गुसांई गोस्वामी प्राण किशोर ने (11 जुलाई 1839) को जन्माष्टमी पर पोशाक अर्पण करने का पट्टा चौधरी को जारी किया जिसमें यह लिखा गया कि अब से प्रत्येक जन्माष्टमी पर चौधरी परिवार के वंशजों द्वारा ही श्री मदन मोहन जी को पोशाक अर्पण की जाएगी अन्य किसी की भी नहीं और यदि चौधरी परिवार में कोई गमी या सोअर सूतक होती है तो मंदिर प्रशासन की ओर से पोशाक अर्पण की जाएगी। इस प्रकार 183 वर्ष से प्रत्येक कृष्ण जन्माष्टमी पर चौधरी परिवार की ओर से ही श्री मदन मोहन जी को पोशाक अर्पण की जा रही है। उन्होने बताया की करौली चौधरी परिवार के वंशज धूमधाम से गाजे-बाजे के साथ पोशाकें,पंचमेवा, फल,श्रीफल थालों में सजाकर मंदिर में पहुंचते हैं।

## श्री कृष्ण प्रतिमा का दूध-दही से अभिषेक

**भरतपुर,** (निस)। शहर के नदिया गोपाल जी मंदिर में आज जन्माष्टमी पर्व धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। कलेक्टर आलोक रंजन ने कान्हा का विधि विधान के साथ पूजन किया और दूध दही एबुराए इत्र एगंगाजल से अभिषेक किया। महिला शक्ति मंडल द्वारा कान्हा के जन्मोत्सव पर बधाई गीत गाकर उत्सव मनाया।

इस दौरान महा आरती का भी आयोजन किया गया जिसमें कलेक्टर आलोक रंजन, मंदिर के महंत जीतेन्द्र भारद्वाज पोपा गुरु सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जन्मोत्सव पर्व पर गोपाल जी मंदिर में भक्तों को पंचामृत और प्रसाद वितरित किया गया। महिला शक्ति मंडल द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का चित्रण गीतों के माध्यम से किया साथ ही वृंदावन की कुंज गलियों में भगवान श्री कृष्ण और राधा की अठखेलियों का चित्रण कर भक्तों को भक्ति भाव से सरोवर कर दिया। संगीतमय संकीर्तन कार्यक्रम में महिला भक्तों ने सप्तकोसीय गोवर्धन परिक्रमा का वृतांत गीतों के माध्यम से सुना कर मन ही मन परिक्रमा लगवाकर भक्तों को धन्य कर दिया। इसके साथ ही भजनों की प्रस्तुति देकर ब्रज की छटा को प्रस्तुत किया।

### सार-समाचार

## यजुर्वेद पारायण महायज्ञ 22 से

**गंगापुर सिटी**। आर्य समाज गंगापुर सिटी के तत्वाधान में श्रावणी पर्व बडे ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। श्रावणी पर्व के अवसर पर सोमवार 22 अगस्त से 28 अगस्त रविवार तक यजुर्वेद पारायण महायज्ञ एवं वेद ज्ञान का सप्त दिवसीय कार्यक्रम आर्य समाज मंदिर गंगापुर सिटी में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम संयोजक कछिया लाल बजाज ने बताया कि कार्यक्रम में आर्य जगत के उच्च कोटि के विद्वान आचार्य डॉक्टर शिवदत्त पांडे सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश से पधारेंगे एवं साथ ही मधुर भजन उपदेशक कुलदीप आर्य बिजनौर से पधारेंगे। नगर संचालक आशुतोष आर्य ने बताया कि आज वेद के ज्ञान के अभाव में मनुष्य भटक रहा है। धर्म के नाम पर अधर्म का उपदेश आचरण हो रहा है, धर्म को जानने वह समझने के लिए ईश्वर की प्रकृति जैसे गूढ रहस्य का मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए यह कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में 22 अगस्त से 28 अगस्त प्रतिदिन प्रथम पारी प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक यज्ञ, भजन, प्रवचन, द्वितीय पारी दोपहर 2 बजे से 4.3० बजे तक भजन एवं प्रवचन एवं तृतीय पारी रात्रि 8 बजे से 9.3० बजे तक भजन एवं प्रवचन का आयोजन तीन पारियों में रहेगा। आर्य समाज के मंत्री मदन मोहन गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां इन दिनों जोर शोर से चल रही है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं से एवं नागरिकों से जनसंपर्क किया जा रहा है।

## निशक्तजनो की बैठक कल

**गंगापुर सिटी**। रविवार को प्रातः 9 बजे पंचायत समिति परिसर स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र पर निशक्तजन जागरण मंच के तत्वाधान से सलाहकार संरक्षक खालिद अली काजी की अध्यक्षता में निशक्तजनों की एक मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष अमजद खान ने जानकारी देते हुए बताया कि मीटिंग में निशक्तों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा कर समस्या समाधान की रूपरेखा तैयार की जाएगी व मुख्यमंत्री निशक्तजन स्कूटी योजना के फार्म उपलब्ध करवा कर फार्म भरबाए जाएंगे।

# कुल्हाडी मारकर घायल करने का आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर,** (निस)। कैथवाडा थाना पुलिस ने गांव झेंझपुरी में नंदी को कुल्हाडी मारकर घायल करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह द्वारा गांव झेंझपुरी में हुई घटना को गम्भीरता से लेते हुये आरोपी को गिरफ्तार करने के सख्त निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीग रघुवीर सिंह व वृत्ताधिकारी वृत डीग आशीष कुमार के सुपरविजन में 18 अगस्त को गांव झेझपुरी में नंदी को कुल्हाडी मारकर घायल करने बाले आरोपी बल्लो पुत्र चावखां उम्र 59 साल निवासी गढी झीलपटटी थाना कैथवाडा को गिरफ्तार किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुये अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीग रघुवीर सिंह व वृत्ताधिकारी वृत डीग आशीष कुमार को गांव झेंझपुरी में हुई घटना के खुलासे के निर्देश दिये। थानाधिकारी रामनरेष के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आस-पास के गांवों से सूचना प्राप्त कर त्वरित कार्यवाही करते हुये सॉड को घायल करने वाले आरोपियों की तलाष की गयी। इस घटना को करने वाले व्यक्ति बल्लो निवासी गढी झील पटटी थाना कैथवाडा का नाम सामने आया। जिसको पुलिस टीम द्वारा गांव पशोपा के पास से डिटेन किया जाकर घटना के सम्बंध में विस्तार पूर्वक पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद आरोपी बल्लो को गिरफ्तार किया गया है। इस घटना के सम्बंध में थाना कैथवाडा पर में मामला दर्ज किया गया। प्रकरण में अनुसंधान जारी है। इस कार्यवाही में रामनरेश मीणा एसएचओ पुलिस थाना कैथवाडा, प्रभूदयाल सहायक उपनिरीक्षक पुलिस थाना कैथवाडा, अकित कानिस्टेबल, ठाकुर दास कानिस्टेबल व सहायक उपनिरीक्षक स्पेषल टीम सुल्तान सिंह एवं बलदेव सहायक उपनिरीक्षक आदि शामिल थे।

## गायन कला का प्रदर्शन

**बयाना**। बयाना में आज कोली समाज की अथांई पर आयोजित हरि कीर्तन दंगल में भजन कीर्तन गायक कलाकारों ने अपनी अनूठी गायन कला का प्रदर्शन कर सभी श्रोताओं का मन मोह लिया था।इस समारोह में बुंदेलखंड, मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश के भी कई गायक कलाकारों के दल भाग ले रहे हैं। जो धार्मिक व पौराणिक कथाओं एवं राजनीतिक घटनाक्रमों को संगीतमय ढंग से गाते हुए प्रस्तुत करते हैं। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कोली समाज की ओर से आयोजित इस समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथी डॉ.लखपत सिंह व सरपंच कोमल महावर ने पूजा अर्चना व आरती कर किया था। इस मौके पर पूर्व पालिकाध्यक्ष ओमप्रकाश कोली, देवीसिंह बुढवार, पार्षद दिनेश कोली, प्रमोद कोली,आदि भी मौजूद रहे। आयोजन समिती के सदस्य व पार्षद प्रमोद कोली ने बताया कि यह आयोजन पिछले 36 वर्षों से प्रतिवर्ष आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर धार्मिक झांकी सजावट भी की गई।

# मंदिर में फूल बंगला झांकी सजाई

**भरतपुर,** (निस)। जय श्री बांके बिहारी सेवा समिति रजिस्टर्ड द्वारा लक्ष्मण मंदिर प्रांगण में श्री कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिसके तहत मंदिर में फूल बंगला झांकी, लाइटिंग व गुब्बारों से पूरे मंदिर प्रांगण को सजाया गया।

श्री कृशण भगवान व लक्ष्मण जी सहित चारों भाइयों व मॉ जानकी को नई पोषाक धारण करवाई गई। कार्यक्रम के तहत सर्वप्रथम श्रीकृशण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 0 से 6 वर्ष तक के बच्चों को बाल कृष्ण रूप में सजाया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अभिदेव सोनी, द्वितीय स्थान देव माथुर व तृतीय स्थान गोपाल अग्रवाल ने प्राप्त किया तथा कुल 80 बाल कृष्णों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

बाल कृष्ण के रूपों को सभी ने सराहा प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल में लीना श्रीवास्तव, डाली तिवारी, संगीता शर्मा, संगीताचार्य शामिल थीं। उसके प्ष्चात मंदिर प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें राधा कृशण, षिव पार्वती व हनुमानजी की बन्दर भालुओं के साथ मनमोहक झांकियों की प्रस्तुति गौरव पारीक द्वारा की गई। रात्रि में 12 बजे भगवान का सवा इक्यावन किलो पंचामृत से अभिशेक किया तथा भक्तों को पंजीरी, केला, पूआ व पंचामृत का प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम आगुन्तक सभी कृशण स्वरूपों, अतिथियों व भकतों का संस्थापक अध्यक्ष जय प्रकाष गोयनका ने स्वागत किया व संस्था के द्वारा अब तक किये गए कार्यों का विवरण दिया। कार्यक्रम का संचालन हरिगोविन्द मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में अतिथि नृपेष अग्रवाल, जनक बाबू पाराषर, सुनील मित्तल, इन्दिरा रसोई संचालक विश्णु षर्मा का संस्था अध्यक्ष ने माला, पटका व प्रतीक चिंह देकर स्वागत किया।

## पीड़ित परिवार को बंधाया ढांढस

**गंगापुर सिटी**। तलावडा क्षेत्र के बाढ टटवाडा गांव में बुधवार रात सांप के काटने से एक 21 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक बाढ टटवाडा निवासी भगवान सिंह (21) पुत्र रामखिलाडी गुर्जर है। नारायणपुर टटवाडा ग्राम पंचायत सरपंच प्रहलाद गुर्जर ने बताया कि भगवान सिंह अपने खेत पर फसल की रखवाली के लिए गया था।

इस दौरान सांप ने काट लिया। जिसके बाद परिजन उपचार के लिए गंगापुर सिटी सामान्य चिकित्सालय लेकर गए। यहां उसकी मौत हो गई। चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया। भगवान सिंह की मौत के बाद गांव में सन्नाटा पसर गया। घटना की जानकारी मिलने पर पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर पीडित परिवार के घर पहुंचे और पीडित के परिजनों से मिलकर सांत्वना देते हुए ढांढस बंधाया साथ ही घटना की जानकारी ली। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने मौक पर ही उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर बात की।

# केबिनेट मंत्री जाटव का दो दिवसीय दौरा आज

**हलैना,** (निस)। पीडब्ल्युडी केबिनेट मन्त्री तथा विधानसभा वैर क्षेत्र के विधायक भजनलाल जाटव 20 अगस्त से विधानसभा वैर के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे, जो एक दर्जन गाव में ग्रामीणों से रु-ब-रु होकर क्षेत्र की समस्याए सुनकर सरकारी व निजी कार्यक्रम में शामिल होंगे।

केबिनेट मन्त्री के निजी सहायक रविन्द्र नेनावत एव पीएसओ प्रहलाद सिंह मीना ने बताया कि केबिनेट मन्त्री भजनलाल जाटव 20 व 21 अगस्त 2022 को वैर विधानसभा क्षेत्र के दौरा पर रहेंगे जो सुबह 8 बजे जयपुर से रवाना होकर दौसा व महवा होकर सुबह 10.30 बजे वैर पहुचेगे और जहा से वे सुवह 11 बजे हलैना क्षेत्र के गाव आजादपुरा पहुच कर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पर कक्षा कक्षों का शिलान्यास तथा 12 बजे हन्तरा-वैर मार्ग स्थित गाव ऊनापुर निकटवर्ती एक पम्प के पास कुश्ती दंगल का शुभारंभ करेंगे। इसी दिन दोपहर 2 बजे गाव वल्लभगढ पहुच कर श्री कृष्ण जन्मोत्सव मे शामिल होंगे।

दूसरे दिन 21 अगस्त को बयाना उपखन्ड के गाव श्रीनगर एव फ़रसो में सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। वैर पंचायत समिति के पचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बन्टी जाटव आजादपुरा ने बताया कि 20 अगस्त को गाव आजादपुरा के राउमावि पर कक्षा कक्षों का शिलान्यास तथा कुश्ती दंगल मेला का आयोजन होगा। जिसके मुख्य अतिथि केबिनेट मन्त्री भजनलाल जाटव एव विशिष्ट अतिथि पचायत समिति वैर के प्रधान साक्षी दीपक कुमार, तोताराम प्रधान, पूर्व उप प्रधान महेश मीना होंगे। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता स.भा. अभियान के राष्ट्रीय सयोजक सीताराम गुप्ता करेंगे।

## जन्माष्टमी महोत्सव आज

**बयाना**। बयाना में आज श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव श्रद्धाभाव के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा।इस अवसर पर सभी मंदिरों में धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे।

बयाना के अग्रवाल पंचायती मंदिर मेआज दिन भर धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। संयोजक विशेष चंद मदनपुरिया ने बताया आज रात्रि 12रू बजे श्री कृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर डेढ़ क्विंटल पंजीरी व डेढ़ कुंटल पंचामृत का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा व रात्रि को धार्मिक झांकी सजावट आदि कार्यक्रम भी होंगे और आज दिन भर विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।

कस्बे के श्री नामदेव मंदिर, रघुनाथ मंदिर ,प्राचीन उषा मंदिर, नर्वदेश्वर महादेव मंदिर व बामडा हनुमान मंदिर, सहित अन्य मंदिरों में भी विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बयाना क्षेत्र भगवान श्री कृष्ण की क्रीडा स्थली और युद्ध स्थली रहा है तथा भगवान श्री कृष्ण और बाणासुर का युद्ध बयाना की भूमि पर ही हुआ था।

# तोपों की गर्जना के साथ भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया

**करौली,** (नि.स.) करौली जिला मुख्यालय सहित जिले भर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर करौली के आराध्य देव मदन मोहन जी मंदिर में रात 12 बजे तोपों की गर्जना के साथ भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया।

कृष्ण जन्माष्टमी पर क्षेत्र के प्रसिद्ध और जन-जन के आराध्य भगवान मदन मोहन मंदिर में श्रद्धालुओं का पहुंचना मंगला आरती के साथ ही शुरू हो गया। मंदिर में श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इस दौरान श्रद्धालु पदयात्रा करते,कनक दंडवत करते और जयकारे लगाते मंदिर पहुंचे प्रातः मंगला आरती से ही मंदिर बंसीवारे के जयकारों से गुंजायमान रहा वही रियासत कालीन चली आ रही परिक्रमा देने की परंपरा टूट गई। मंदिर प्रबंधन द्वारा परिक्रमा के द्वार पर गेट लगा देने के कारण श्रद्धालु परिक्रमा देने से वंचित रहे सायकाल की झांकी में। श्रद्धालुओं का सैलाब उमड पडा जिलेभर से आए लोग भगवान के दर्शनों



करौली में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मदन मोहन जी मन्दिर में उमडी श्रृद्धालुओं की भीड।

के लिए पहुंचे रात 11:30 बजते ही भगवान का पंचामृत से अभिषेक कार्यक्रम शुरू हुआ और 12 बजे तोपों की गर्जना के साथ भगवान श्री कृष्ण जन्म की झांकी सजाई गई जिसके दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा इस वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन भी अलर्ट नजर आया उमडी भीड को देखते हुए 2 अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, 2 पुलिस उपाधीक्षक सहित जिले के 6थानों के थाना अधिकारी व 150 से अधिक जवान जगह-जगह तैनात किए गए बनी मंदिर परिसर में भी पुलिस के पुख्ता प्रबंध रहे करौली जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक नारायण टोंगस,उप जिला कलेक्टर अमित कुमार वर्मा,पुलिस उपाधीक्षक मनराज मीणा पूरी तरह से मुस्तैद और सतर्क रहें।

## रेल मंत्री को लिखा पत्र

**गंगापुर सिटी**। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर आगामी 24 अगस्त से प्रारंभ होने वाली सुपरफास्ट ट्रेन इंदौर से नई दिल्ली का ठहराव गंगापुर सिटी करने की मांग की है।

गुर्जर ने कहा कि गाडी नंबर 2०957 जो कि इंदौर से सायं 4.45 पीएम पर रवाना होकर सुबह 5 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। इसी प्रकार गाडी नं.2०958 नई दिल्ली से सांय 7 बजे रवाना होकर सुबह 6 बजे इंदौर पहुंचेगी।

यह गाडी सप्ताह में तीन दिन चलेगी। क्योंकि इस गाडी का ठहराव सवाई माधोपुर के बाद बयाना रखा है। जबकि गंगापुर महत्वपूर्ण स्टेशन है।

जहाँ ठहराव होने से गंगापुर के लोगों को इंदौर दिल्ली के लिए एक ओर गाडी मिलेगी जिससे आम आदमी को लाभ होगा। वहीं रेलवे के राजस्व में बढोत्तरी होगी।

गुर्जर ने अपने पत्र में उल्लेख करते हुए लिखा है कि कोटा की यूनियन बाजी के चलते गंगापुर से स्टाफ नही लेना पडे, इस दृष्टि से गंगापुर में ठहराव नही रखना गंगापुर के आम लोगों के साथ कुठाराघात हैं।

# आदित्य को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**गंगापुर सिटी**। ब्रिटिश काउंसिल (यूके), संयुक्त राष्ट्र (यूएसए) और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा आयोजित विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग (डब्ल्यूएचआरपीसी) के भारतीय इकाई का दीक्षांत एवं सम्मान समारोह नई दिल्ली में हुआ जिसमें युवा भारतीय संगीतकार अरमान राज आदित्य को पश्चिमी और भारतीय शास्त्रीय संगीत के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। उन्हें इस संगठन और संयुक्त राष्ट्र की अंतर्राष्ट्रीय सदस्यता से भी सम्मानित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत सरकार के विधि एवं न्याय मंत्रालय द्वारा मान्यता प्राप्त इस उपाधि के लिये डॉ अरमान राज आदित्य को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संगीत प्रशिक्षण एवं अनुसंधान के क्षेत्र में पिछले कई वर्षों से चलते आरहे उनके निरंतर विकास कार्यों के लिए चुना गया। यह कार्यक्रम दिल्ली में स्थित इंडियन इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया गया था, जहां पाउलियास (न्यू जिनेवा), क्रिस्टियाना बॉस (मुख्य शिक्षा अधिकारी दक्षिण अफ्रीका),



डॉक्टरेट उपाधि के साथ डॉ अरमान राज आदित्य।

अल्फेरेड विली (मुख्य व्यापार काउंसलर, अमेरिका), जीन (बुकरानो के काउंसलर), फैज आसिफ (भारतीय आर्थिक निगम के निदेशक), भीमबदर प्रधान (आईएएस महासचिव), विली बिट (केन्या के उच्चायोग), अभीन के आर होटा (विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के अंतर्राष्ट्रीय निदेशक) आदि अंतरराष्ट्रीय गणमान्य हस्तियाँ उपस्थित थीं।

## दहेज उत्पीडन के 3 आरोपी गिरफ्तार

**भरतपुर,** (निस)। दहेज उत्पीड़न के अलग अलग मामलों में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस घटना के अनुसंधान में जुटी हुई है।

गांव जघीना निवासी सन्तोष कुमार पत्नी सुखवीर ने गांव सिनसिनी निवासी अपने ससुरालीजनों के विरूद्ध दहेज के लिये प्रताडित कर घर से निकाल देने का एक मामला 29 मार्च 2022 को दर्ज करायाथा। जिस पर थानाधिकारी महेन्द्र सिंह राठी ने अनुसंधान कर इस मामले के नामजद आरोपी प्रार्थिया के पति सुखवीर को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार गांव रारह निवासी अमीना पत्नी अरमान ने अपने ससुरालीजनों के विरुद् दहेज के लिये प्रताडित कर घर से निकाल देने का एक मामला 19 मई को थाना उधोगनगरपर पर दर्ज कराया था। जिस पर थानाधिकारी महेन्द्र सिंह राठी ने अनुसंधान कर प्रार्थिया के पति अरमान को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार गांव महगाया निवासी पूजा ने प्रताडित कर घर से निकाल देने का एक मामला 19 मई को थाना उधोगनगरपर पर दर्ज कराया था। जिस पर प्रार्थिया के पति को गिरफ्तार किया।

## हादसे में तीन घायल

**बयाना**। बयाना हिंडौन स्टेट हाईवे पर छौकरा चौकी के पास आज दोपहर बाद दो बाइकों की भिड़ंत में मां बेटे सहित तीन जने घायल हो गए ।

जिनमें से मां बेटे की हालत गंभीर बताई है। घायल मां बेटे को मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए बयाना के राजकीय अस्पताल लाकर भर्ती कराया है। जबकि तीसरा घायल अपनी बाइक सहित मौके से भाग गया। एंबुलेंस कर्मी राजकुमार ने बताया घायल मां बेटे थाना सूरौठ के गांव ढिंढोरा निवासी चंद्र भाई जाटव व उसका पुत्र कुलदीप जाटव है जो बयाना की ओर से अपने गांव जा रहे थे तभी हादसा हुआ।

## पिता-पुत्र गंभीर रूप से घायल

**बयाना**। बयाना हिंडौन रोड पर समौगर पुल के पास आज एक बाइक दुर्घटना में पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें सूचना पाकर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए बयाना लाकर राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों पिता-पुत्र का गहन उपचार किया जा रहा है।

# अर्ध रात्री को भगवान के लगाया भोग, सजाई झांकी

**गंगापुर सिटी**। शुक्रवार को उपखण्ड मुख्यालय सहित क्षेत्र में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

इस दौरान शहर के सभी मंदिरो पर झिलमिल लाइट व फूल बंगला झांकी का आयोजन किया गया। शहर के सभी मंदिर पर भजन संध्या एवं झांकियों का आयोजन किया गया।

- भक्तों ने अर्द्ध रात्रि को भगवान को भोग लगाकर व्रत खोला
- मंदिरों में सुरक्षा के इंतजाम रहे

इस दौरान श्रीकृष्ण भक्तों ने उपवास आदि रख कर अर्ध रात्री को भगवान को भोग लगाकर व्रत खोला। लोगो ने घरो में ही लड्डू गोपाल जी की पूजा अर्चना कर भोग लगाया। आमजन की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने शहर के सभी मंदिरो पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए।

इस दौरान लोगो ने घरो में पकवान बनाए। घरो पर ही लोगो ने भजन कीर्तन किए। इस दौरान पुरानी



गंगापुर सिटी में कृष्ण जन्माष्टमी पर बने नन्हे कान्हा।

अनाज मण्डी स्थित सीताराम जी के मंदिर, बालाजी चौक, मनोरथ सिद्ध हनुमान मंदिर, नई मण्डी के हनुमान मंदिर, ममलेश्वर महादेव मंदिर, नर्वदेश्वर महादेव मंदिर, टंकी वाले हनुमान मंदिर सहित शहर के सभी मंदिरो पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया गया जिसके सभी भक्तो ने दर्शन किए और अपने परिवार व शहर की खुशहाली की कामना की।

## छात्र की मौत पर कड़ी कार्रवाई की मांग

**भरतपुर,** (निस)। जोधपुर के सुराणा गांव में शिक्षक की मारपीट के चलते 9 वर्षीय बालक इन्द्र सिंह की मौत को लेकर पूरे प्रदेश में विरोध प्रदर्शन का दौर जारी है। सभी जगह इस मामले में कड़ी कार्यवाही की मांग की जा रही है। षुक्रवार को भरतपुर में भीम आर्मी के द्वारा हीरादास से जिला कलेक्ट्रेट तक रैली निकाल अपना विरोध प्रदर्शन किया।

जहां जिला कलेक्ट्रेट पर एसडीएम देवेन्द्र परमार को ज्ञापन सौंप कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की। इस प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शन कर रहे लोगों के द्वारा मुख्यमंत्री अषोक गहलोत के साथ साथ पीडब्ल्यूडी मंत्री भजन लाल जाटव, ममता भूपेष, अमर सिंह, टीकाराम जूली सहित कई विधायकों के खिलाफ जमकर नारे बाजी की गई। उनका कहना था कि आरोपी छैल सिंह के द्वारा विद्यालय में मटकी से पानी से नाराज होकर पीटा गया जिससे उसकी मौत हो गई। यह घटना बेहद षर्मनाक है। इस मामले में प्रदेष सरकार को जल्द से जल्द आरोपी के खिलाफ कडी कार्यवाही करनी चाहिए। वहीं पीड़ित परिवार को 50 लाख रूपये की आर्थिक सहायता देनी चाहिए।

# "नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का आत्मनिर्भर भारत" विषय पर गोष्ठी आयोजित



भरतपुर में आयोजित गोष्ठी का शुभारंभ राजश्री चौधरी (दीप प्रज्ज्वलित करते हुए) ने किया।

**भरतपुर,** (निस)। आजादी अभी अधूरी है, हम अंग्रेजों के बनाये कानून व संविधान की धाराओं का अनुशरण कर रहें हैं, जो ब्रिटिश सरकार ने स्वयं के फायदे के लिए भारत पर थोपी थीं। आज भी भारत के सत्ता हस्तान्तरण पत्र में ब्रिटेन को निशुल्क गोमांस देने एवं सुप्रीम कोर्ट की अनेक रूलिंगस में ब्रिटिश सरकार के मार्गदर्शन को अहमियत दी जाती है। हवाई यात्रा में "वीटी" लिखा होता है, जिसका मतलब "वायसराय टेरिट्री" होता है। वहीं मुख्य वक्ता नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की परपोती राजश्री चौधरी ने भारतीय नोट पर मैं धारक को राशि अदा करने का वचन देता हूँ, को भी चुनौती देते हुए कहा कि हमारी भारतीय करेन्सी प्रोमेसिंग है। जबकि अन्य किसी देश जो ब्रिटिश कालीन सत्ता के गुलाम नहीं रहा, वहां की करेन्सी पर यह वाक्य का अंकन नहीं है। अर्थात अधूरी आजादी जो नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के आत्मनिर्भर भारत का सपना नहीं था, वह हम पर थोप दी गई है। आज भी हमारे क्रांतिकारी शहीदों को अनेक स्थानों पर एवं सत्ता हस्तांरण दस्तावेजों में आतंकी शब्द से कलंकित किया गया है। जिसको पुनः लेखन की महती आवश्यकता है। बोस की परपोती ने नेताजी की मृत्यु की घटना को भी एक शडयंत्र बताया।

राष्ट्रीय हिन्दू स्वाभिमान संघ के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय विचार गाष्ठी के विषय "नेताजी सुभाष चन्द्र बोस का आत्मनिर्भर भारत" पर वक्ताओं ने विचार व्यक्त किये।

## महिला को पानी की टंकी से नीचे उतारा

**हिण्डौन सिटी** (निस)। गत दिवस शहर के मंडावरा रोड स्थित खादी भंडार के पास निवासी एक महिला पति असलम खान के दूसरे निकाह करने से नाराज 28 साल की रिजवान बानो पानी की टंकी पर चढ़ गई। जिसे पुलिस और प्रशासन की लगभग 5 घंटे की समझाइस के बाद एवं पति को मौके पर बुलाकर कार्यवाही का आश्वासन देकर रात 10:30 बजे नीचे उतारा तब जाकर पुलिस और प्रशासन ने राहत की सांस ली।

जानकारी के अनुसार, भट्टा कॉलोनी निवासी रिजवान का पति असलम खान जयपुर में एक प्राइवेट कंपनी में काम करता है। पीड़ित महिला ने आरोप पति ने किसी शादी के प्रोग्राम में जाकर नई पत्नी और मेहमानों की फोटो खिंचवाकर वॉट्सऐप कर दिए हैं। बोला कि हमने शादी कर ली है। बोला-अब तू जिंदा रहे या मरे, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता।

जानकारी के अनुसार, महिला की शादी करीब ढाई साल पहले हुई थी। वह 6 महीने अपने पति के साथ रही थी। दो साल से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। ससुराल और पीहर पक्ष ने दोनों को समझाने की कोशिश की, लेकिन मामला सुलझा नहीं।

